शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय,रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001

ई–मेल– registrarsnpv@gmail.com , वेबासईट- https://snpv.ac.in

क्रमांक. 2–1/अका./प्रवेश/2021/716 रायगढ़, दिनांक 20.08.2021

//अधिसूचना//

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक 1722/213/आउशि/सम./2021, नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 26/07/2021 के द्वारा शैक्षिणक सत्र 2021–22 हेतु जारी अकादमिक कैलेण्डर एवं कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक 1684/214/आउशि/सम./2021, नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 14/07/2021 के द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत 2021–22 के परिपालन में शैक्षणिक सत्र 2021–22 के लिये इस विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक 2–1/अका./प्रवेश/2021/527, दिनांक 30/07/2021 जारी कर प्रवेश प्रकिया संपादित की जा रही है। विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों को आर्नलाईन पोर्टल के माध्यम से प्रदान की गई आवेदित अभ्यर्थियों की सूची डाउनलोड कर के प्रथम मेरिट सूची जारी करने के लिये तिथि 18/08/2021 से 20/08/2021 रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है।

कुछ महाविद्यालयों से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, एल.एल.एम. एवं एल.एल.बी. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु कुछ छात्रों द्वारा स्नातक स्तर के तीनों वर्षो का एग्रीगेट प्राप्तांक एवं पूर्णांक नही भरकर उसके स्थान पर केवल अंतिम वर्ष का प्राप्ताक एवं पूर्णाक या 12वी कक्षा के परीक्षा परिणाम का प्राप्तांक एवं पूर्णांक आर्नलाईन आवेदन करते समय प्रविष्ट किया गया है जिसके कारण स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, एल.एल.एम. एवं एल. एल.बी. पाठ्यक्रमों के लिये प्रवेश हेतु मेरिट सूची के निर्धारण मे समस्या उत्पन हो रही है।

अतः उपरोक्त संबंध में छात्रहित एवं महाविद्यालयों की सुविधा को ध्यान मे रखते हुए स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, एल.एल.एम. एवं एल.एल.बी. पाठ्यक्रमों मे प्रवेश हेतु निम्नानुसार संशोधित समय सारणी जारी की जाती है:–

क	विवरण	तिथि
1	स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, एल.एल.एम. एवं एल.एल.बी. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्राप्त आवेदनो को संबंधित आवेदको द्वारा आर्नलाईन माध्यम से त्रुटि सुधार करने तथा नये आवेदन मगाये जाने के लिये निर्धारित अंतिम तिथि	शनिवार, 21/08/2021 से बुधवार, 25/08/2021 रात्रि 12 बजे तक
2	विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों को आर्नलाईन पोर्टल के माध्यम से प्रदान की गयी आवेदित अभ्यर्थियों की संशोधित सूची डाउनलोड कर के प्रथम मेरिट सूची जारी करने की तिथि	गुरूवार , 26/08/2021 से शुक्रवार, 27/08/2021 रात्रि 12 बजे तक
3	संबंधित महाविद्यालय में जारी की गई प्रथम मेरिट सूची के अभ्यर्थियों को प्रवेश देने एवं शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि	मंगलवार, 31/08/2021 रात्रि 12 बजे तक
4	पर्याप्त संख्या मे आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में महाविद्यालय द्वारा जारी की गयी प्रथम मेरिट सूची के बाद भी सीट रिक्त होने पर अन्य मेरिट सूची जारी कर प्रवेश देने एवं शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि	बुधवार, 01/09/2021 से शुक्रवार, 10/09/2021 रात्रि 12 बजे तक

Scanned by CamScanner

टीपः–

01. यदि आवेदकों द्वारा समयावधि के अंदर त्रुटि सुधार नही किया जायेगा तो उस स्थिति में त्रुटि पूर्ण आवेदनो को महाविद्यालय द्वारा मेरिट सूची मे शामिल नही किये जाने पर संबंधित आवेदक स्वयमेव जिम्मेदार होगा।

02. समस्त प्राचार्य कृपया पूर्व में जारी शैक्षणिक सत्र 2021–22 के प्रवेश अधिसूचना दिनांक 30/07/2021 के टीप में उल्लेखित बिन्दुओं का अनिवार्यतः पालन करें।

03. नये आवेदक भी ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से शनिवार, 21/08/2021 से बुधवार, 25/08/2021 रात्रि 12 बजे तक आवेदन कर सकते है।

04. समस्त संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य, स्नातक प्रथम वर्ष/सेमेस्टर के लिए पूर्व में जारी की गयी अधिसूचना सूचना क. 2–1/अका./प्रवेश/2021/527, दिनांक 30/07/2021 के अनुसार प्रवेश प्रकिया पूर्ण करें।

आदेशानुसार

उप–कुलसचिव(अका.)

पृ.क्र. 2–1/अका./प्रवेश/2021/717 रायगढ़, दिनांक 20.08.2021

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर को सादर सूचानर्थ।
2. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर को सादर सूचानर्थ।
3. अपर संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर संभाग को सादर सूचानर्थ।
4. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
5. प्राचार्य समस्त संबद्ध महाविद्यालय, जिला रायगढ़ एवं जांजगीर–चांपा को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
6. संपादक, समाचार पत्र/प्रिंट/इलेक्ट्रानिक मीडिया .... को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि छात्रहित में इस अधिसूचना को समाचार/विज्ञप्ति के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करने हेतु सूचनार्थ।
7. संबंधित अधिकारी को वेबपोर्टल में अपलोड करने हेतु।

20/08/2021

उप–कुलसचिव(अका.)

Scanned by CamScanner